भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 371
उत्तर देने की तारीख 03 फरवरी, 2021

बीएसएनएल 4जी सेवाएं

371. साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुरः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार देश में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं शुरू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
संचार, शिक्षा तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) और (ख) सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के लिए पुनरूद्धार योजना को अनुमोदित किया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ बीएसएनएल को 4जी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बजटीय आवंटन के माध्यम से स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन शामिल है। बीएसएनएल ने अपनी आगामी 4जी निविदा में भाग लेने की इच्छुक भारतीय कंपनियों से पूर्व पंजीकरण/प्रूफ ऑफ कनसेप्ट (पीओसी) के लिए दिनांक 01.01.2021 को रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) मंगाई है।

इसी दौरान बीएसएनएल ने 3जी सेवाओं के लिए उपयोग में लाए जा रहे मौजूदा स्पेक्ट्रम का उपयोग करते हुए सीमित पैमाने पर 4जी सेवाएं शुरू की हैं। बीएसएनएल में लगभग 8600 स्थानों पर 4जी सेवाएं कार्य कर रही हैं।

******